हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

04 आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का सत्संग और...



07 हैंडपंप में पानी भरने के लिए गई किशोरी का कुएं में मिला शव





## समाचार संक्षेप

### भू-सर्वेक्षण अधीन क्षेत्र अधिसूचित, नवीन अधिकार अभिलेख होंगे तैयार

**गुना।** मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम, 2020 के नियम 14 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा यह घोषित किया गया है कि आयुक्त, भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 41 भाग-1 दिनांक 10 अक्टूबर 2025 (राजपत्र में प्रकाशित) के अनुसार अधिसूचना में वर्णित क्षेत्र को भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किया गया है। भू-सर्वेक्षण की प्रक्रिया के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किए जाएंगे, जिनमें समस्त खातेदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकारों का अभिलिखित किया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित ग्रामों के लिए निस्तार पत्रक एवं वाजिब-उल-अर्ज भी तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर कन्याल ने बताया कि सर्वेक्षण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सर्वेक्षण कार्य के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर तथा अभिनियोजित कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। कृषकों एवं भूमिधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी भूमि से संबंधित स्वत्व, सीमाएं, अंश, दायित्व एवं अन्य अधिकारों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि अभिलेखों का सही एवं पारदर्शी अद्यतन किया जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया समस्त कृषकों के हित में है।

### पीओ डूडा द्वारा नपा की समीक्षा बैठक हुई



**गुना।** परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने सोमवार को नगर पालिका गुना की विभिन्न शाखाओं की समीक्षा बैठक ली।इस दौरान सीएम हेल्पलाइन, प्रधान मंत्री आवास बीएलसी व एएचपी, राजस्व शाखा,स्वास्थ्य शाखा तथा श्रम शाखा के कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान निकाय के सभी शाखा प्रमुखों से विगत कलेक्टर महोदय द्वारा ली गई बैठक में दिए गये निर्देशानुसार कार्यों की समीक्षा ली।

### पानी की टंकियों की कराई जा रही सफाई हाट पर की चालानी कार्रवाई



**गुना।** नगर पालिका गुना द्वारा सतत रूप से पानी की टंकियों की सफाई की जा रही है एवं जगह जगह पानी के सैंपल लेकर उनकी जांच की जा रही है। आज बूढ़े बालाजी स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई की गई तथा वार्ड क्रमांक 19 ,शांति नगर में पने के सैंपल लिए गए तथा उनकी जांच कराई गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 में खुले पड़े नलों को बंद कराया गया है तथा पानी की जांच कराई गई। खुले नलों से गंदा पानी लाइन जाने की संभावना रहती है,टोंटी बंद होंने से स्वच्छ जल प्राप्त हो सकता मिलेगा। चालानी करवाही आज शहर के हाट रोड पर अतिक्रमण दस्ते द्वारा चालानी करवाही की गई इस दौरान चार हाथ ठेले एवं सामग्री जप्त की गई। कार्रवाही के दौरान पांच दुकानदारों के चालान बनाए गए।

### मनुस्मृति दहन के खिलाफ सवर्ण आर्मी का हल्लाबोल, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**गुना।** समाज में समरसता और कानून की एकरूपता की मांग को लेकर सोमवार को सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने शिवपुरी के खनियाधाना में मनुस्मृति जलाए जाने की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि एकपक्षीय कार्रवाई बंद नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। सवर्ण आर्मी सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि बीते 25 दिसंबर को खनियाधाना (शिवपुरी) में भीम आर्मी से जुड़े लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सार्वजनिक रूप से सनातनी ग्रंथ मनुस्मृति का दहन किया था। इस घटना के वीडियो साक्ष्य होने के बावजूद अब तक दोषियों पर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है। संगठन का कहना है कि एक तरफ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तत्काल गिरफ्तारियां की गईं, वहीं दूसरी ओर सनातनी आस्था पर चोट करने वालों को खुला छोड़ दिया गया है।ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि सवर्ण आर्मी किसी भी महापुरुष, ग्रंथ या प्रतीक के अपमान का समर्थन नहीं करती है। संगठन ने मांग की है कि समाज में वैमनस्यता और जातीय संघर्ष फैलाने की नीयत से मनुस्मृति जलाने वाले विनय रतन सिंह, सुनील अस्तेय और अन्य दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश के होते हैं, किसी वर्ग विशेष के नहीं, इसलिए न्याय की तराजू सभी के लिए समान होनी चाहिए। आंदोलन की चेतावनी सवर्ण आर्मी ने प्रशासन को चेताया कि यदि समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज में व्याप्त आक्रोश एक बड़े लोकतांत्रिक आंदोलन का रूप ले लेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान सवर्ण आर्मी के अनेक पदाधिकारी और सामान्य वर्ग के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रत्येक मंगलवार को ट्रैफिक सेफ्टी डे घोषित, नहीं काटेंगे चालान

**दंड नहीं, जीवन रक्षा के उद्देश्य से गुना पुलिस का फोर पिलर मॉडल आधारित व्यापक अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जन-जीवन की रक्षा के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक “सड़क सुरक्षा—जीवन रक्षा” थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह—2026 का व्यापक संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुना जिले में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में फोर पिलर मॉडल पर आधारित एक सशक्त, संवेदनशील एवं जन-जागरूकता केंद्रित अभियान चलाया जा रहा है।अभियान का मूल उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को न्यूनतम से शून्य तक लाना है। इसके लिए इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर— इन चार स्तंभों पर समन्वित रूप से कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनी ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों के साथ यातायात सुधार से जुड़ी ठोस गतिविधियाँ संचालित की जाएं।



#### फोर पिलर मॉडल के प्रमुख बिंदु

दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अवैध कट बंद करना, स्पीड ब्रेकर का निर्माण, साइन बोर्ड एवं रेडियम पट्टियों की स्थापना, ब्लैक स्पॉट सुधार, अस्थायी गोलंबर, स्प्रिंग पोस्ट, स्टॉपर, डिवाइडर, रोड स्टड, डेलीनेटर, वॉल गार्ड सहित आवश्यक संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हों।

**एजुकेशन** स्कूल-कॉलेजों, ग्रामीण चौपालों एवं यातायात चौपालों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रैफिक अवेयरनेस अभियान, राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन मुआवजा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**नफोर्समेंट** ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, गलत साइड ड्राइविंग जैसे गंभीर यातायात उल्लंघनों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है।

इसके साथ ही वाहन चालकों को परामर्श देकर सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

**इमरजेंसी केयर** दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष फोकस किया गया है। प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस सेवाओं एवं अस्पतालों से बेहतर समन्वय स्थापित कर दुर्घटनाग्रस्तों की जान बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**‘ट्रैफिक सेफ्टी डे’** का नवाचार इस अभियान के तहत गुना जिले में एक अभिनव पहल करते हुए प्रत्येक मंगलवार को ‘ट्रैफिक सेफ्टी डे’ घोषित किया गया है।

इस दिन चालान काटने के बजाय आमजन को समझाइश, अपील, ऑन-स्पॉट सुधारात्मक कार्य एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि नागरिक स्वेच्छा से सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाएं।

### परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के गंभीर आरोप

# अलाव में झुलसी 5 माह की मासूम ने अस्पताल में तोड़ दिया था दम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भीषण सर्दी के बीच एक अत्यंत हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसमें अलाव में झुलसने से 5 माह की एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना पड़ोसी जिले विदिशा की लटेरी तहसील की है, जहां से गंभीर रूप से झुलसी बच्ची को इलाज के लिए गुना जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। इस मामले में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार विदिशा जिले की लटेरी तहसील के आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निशो बरी निवासी दोलतराम की 5 माह की पुत्री आराध्या शनिवार रात घर के बाहर जल रहे अलाव में गिरकर बुरी तरह झुलस गई। बताया गया कि रात के समय सर्दी से बचने के लिए घर के बाहर अलाव जलाया गया था, जहां परिवार के अन्य बच्चे ताप रहे थे। इसी दौरान मासूम आराध्या भी वहीं मौजूद थी, तभी अचानक वह असंतुलित होकर अलाव में गिर गई।घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में बच्ची को लटेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि वहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। मजबूरी में परिजनों को निजी वाहन की व्यवस्था करनी पड़ी, जिसमें काफी समय लग गया।इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर गुना जिला अस्पताल पहुंचे। यहां भी परिजनों ने इलाज में देरी का आरोप लगाया है।



बच्ची के पिता दोलतराम का कहना है कि जिला अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टरों ने उन्हें करीब एक घंटे तक इधर-उधर भटकाया और समय पर इलाज शुरू नहीं किया गया। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते समुचित उपचार मिलता, तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी।इलाज के दौरान मासूम की हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उसने दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रविवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।



## सिंध नदी किनारे व अन्य गांवो में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**2.25 लाख की मदिरा जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है ।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक 05/01/2026 को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम रमपुरा, गुजराई, छीपोन, भिलेरा में दबिश दी गई ।ग्राम रमपुरा में मुखबिर सूचना मिली की सिंध नदी किनारे सुनील जाटव, शेरू जाटव, मोहन जाटव, फूल सिंह जाटव , हल्का जाटव अवैध रूप से मदिरा बना रहे है । जब सिंध नदी किनारे तलाशी ली गई तो भारी मात्रा में लोहे की 8 टंकिया 200 लीटर वाली भरी पायी गयी ।साथ ही कच्ची मदिरा भी जब्त की गई ।आरोपी आबकारी बल को देखकर मौके से फरार हो गए ।लाने की असमर्थता के कारण लाहन को मौके पर नष्ट किया गया ।

अतः उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध के मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए ।इस दौरान कुल 75 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 2000 किलो ग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य 2.25 लाख है। कलेक्टर के आदेश पर इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी । उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर एवं महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्रवाई में सजगता दिखा रहा है ।

## हनुमान चौराहा स्थित होटल से चोरी का मात्र 24 घंटे में सफल खुलासा, प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार कर, चोरी गया संपूर्ण माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील, सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा हनुमान चौराहे स्थित होटल में हुई चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर ही सफल खुलासा किया है ।

उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को फरियादी विशाल राठौर निवासी सांई विहार कॉलोनी कर्नेलगंज गुना के द्वारा केंट थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि हनुमान चौराहे पर विवेक रेस्टोरेंट नाम से उसकी नास्ते की होटल है । दिनांक 03-04 जनवरी 2026 की दरम्यानी रात कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा होटल की शटर के ताले तोड़कर अंदर से एक मशाला ग्राइण्डर मशीन, एक गैस सिलेण्डर, बर्तन आदि चोरी कर लिए गए हैं । जिसकी रिपोर्ट पर से केंट थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के पालन में केंट थाना पुलिस द्वारा प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की पतारसी के सघन प्रयास किए गए और इस हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए तकनीकी संसाधनों एवं सीसीटीवी के माध्यम से अज्ञात आरोपी की सघन तलाश की, इसमें पुलिस के निरंतर सूचना संकलन एवं प्रभावी तकनीकी विश्लेषण के आधार पर शीघ्र ही चोरी में अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित की जाकर जिसकी सरगर्मी से तलाश की गई, जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर केंट थाना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर ही आरोपी गोलू उर्फ धापू पुत्र पंचू कोरी उम्र 25 साल निवासी गुलाबगंज केंट गुना को गिरफ्तार कर, जिसके कब्जे से प्रकरण में चोरी गया संपूर्ण माल बरामद किया गया, साथ ही घटना में प्रयुक्त एक सायकिल व एक सरिया भी जप्त किया गया है । उसी रात आरोपी द्वारा पास ही स्थित दो और दुकानों से भी चोरी का प्रयास किया था, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हो पाया ।




गुना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सीसीटीव्ही कंट्रोल प्रभारी निरीक्षक विकाश उपाध्याय, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, आरक्षक लक्ष्मीनारायण पारस, आरक्षक सूर्यभान जाट, आरक्षक राजू बघेल, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक अभिनेष रघुवंशी, आरक्षक शुभम रघुवंशी, आरक्षक देवेन्द्र रघुवंशी एवं सीसीटीवी कंट्रोल से सउनि भूपेन्द्र सेंगर, आरक्षक राजेश जाटव, आरक्षक ओमचरण कुशवाह, आरक्षक दीपक राठौर, महिला आरक्षक प्रियंका चौहान, महिला आरक्षक शिखा व महिला आरक्षक प्रिया टुण्डेले की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## अधिक ठंड के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा वर्तमान में बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन समय में आंशिक संशोधन किया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगामी आदेश होने तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गतिविधियों का आयोजन पूर्व निर्धारित समय प्रातः 9 बजे के स्थान पर अब प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।संशोधित व्यवस्था के



अनुसार बच्चे प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सायं 5 बजे तक केन्द्र पर उपस्थित रहकर समस्त आवश्यक रिकार्ड/अभिलेखों का संधारण करेंगी तथा गृह भेंट का कार्य भी संपादित करेंगी। जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर दिनांक 31 जनवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

# सीएम हेल्पलाइन, पेंशन प्रकरणों का समय पर करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान में संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए जनप्रतिनिधियों से संबंधित प्रकरणों एवं जनसुनवाई के लंबित मामलों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। प्रकरणों को विभाजित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को भी कहा।

कलेक्टर ने पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा लापरवाही की जा रही है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

साथ ही वन विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान निकालने के निर्देश दिए।




बैठक में पीएचई विभाग एवं नगर पालिका को जिले की सभी पानी की टंकियों की नियमित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, प्रत्येक दुकान के सामने कचरा डिब्बा रखने तथा लापरवाही पाए जाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में स्वच्छता बनाए रखने एवं कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा गया।कलेक्टर श्री कन्याल ने स्वास्थ्य विभाग को गर्भवती महिलाओं की अधिक से अधिक एंट्री अनमोल पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं को समग्र आईडी से जोड़ते हुए अनमोल पोर्टल पर पंजीयन कराने पर जोर दिया।

#### जनजातीय क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा के निर्देश

बैठक में पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा अभियान के अंतर्गत बेहतर कार्य करने, जनजातीय क्षेत्रों के उत्थान पर विशेष ध्यान देने तथा सभी एसडीएम को फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड निर्माण, भूमि आवंटन से संबंधित शिकायतों के समय पर निराकरण एवं पीएम विश्वकर्मा योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

#### पॉलीहाउस कार्यों के लिए हॉर्टिकल्चर विभाग की सराहना

बैठक में हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा पॉलीहाउस के अंतर्गत किए गए कार्यों एवं नवाचार की सराहना की गई।

## समाचार संक्षेप

### एनएसयूआई के द्वारा महाविद्यालय में (एक पेड़ भविष्य के नाम )पौधारोपण अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏩आरोन

एनएसयूआई के द्वारा महाविधालय आरोंन में (एक पेड़ भविष्य के नाम ) वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई और अधिक जानकारी देते हुए एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ने बताया की पूरे प्रदेशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है जो कि देश एवं प्रदेश में हो रही अंधाधुंद पेड़ कटाई एवं प्रदूषण का निरंतर बडना एवं केंद्र सरकार के द्वारा अड़ानी को खदान देने के लिय पेड़ो की कटाई की जा रही । इन सभी को लेकर एनएसयूआई आरोंन के द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । जिसमे मुख्य रूप से एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी एवं उपाध्यक्ष अंकित रघुवंशी एवं कॉलेज से पार्वती पंक्ति कॉलेज अध्यक्ष महिला ,शक्ति रघुवंशी अध्यक्ष , प्रभारी विकुल जाटव ,श्याम रघुवंशी ,अजय रघुवंशी मीडिया प्रभारी ,मोनिका रजक उपाध्यक्ष ,वैष्णवी बगड़ी ,कीर्ति बगड़ी ,डाली बगड़ी,सोनम यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सावित्री बाई ने हमें शिक्षा से जोड़ने को कितने प्रयास किए: शशि अहिरवार



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

श्री राम कॉलोनी में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ शिक्षा पर विचार व्यक्त किए गए।बंधुआ मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष तिनका सामाजिक संस्था श्रीमती शशि अहिरवार ने कहा, ₹माता सावित्रीबाई ने हमें शिक्षा से जोड़ने के लिए कितने प्रयास किए और कितनी परेशानियों का सामना किया। उन्होंने हमें आज के अधिकार दिलाए हैं।₹वही उपस्थित श्रीमती मीनू मौर्य ने माता सावित्रीबाई फुले की जीवन पर प्रकाश डाला और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए साथ चलने की बात कही। वहीं प्रेम बाई गायत्री ने भी अपनी बात रखी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तिनका सामाजिक संस्था के तहत काम करने की बात कही।कार्यक्रम में सभी महिलाओं को प्रसादी वितरण कर समापन किया गया। आभार प्रेम बाई ने व्यक्ति किया एवं सुनीता अहिरवार ने संगठन की आगामी बैठक के लिए कहा।

# आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का सत्संग और सिद्धांत सागर महाराज का भव्य नगर प्रवेश





## गुना में धर्म की दिव्य धारा प्रवाहित

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना



गुना नगर एक बार फिर धर्म, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा, जब आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में सत्संग का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गुना के गौरव, सिद्धांत सागर जी महाराज का बजरंग से रसिया होते हुए नगर में मंगल प्रवेश हुआ। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, जयघोष और भक्ति भाव से महाराज श्री का आत्मीय स्वागत किया।नगर प्रवेश के उपरांत महाराज श्री हिंदू सम्मेलन के आयोजन में सहभागी बने। सम्मेलन में उनकी मधुर, शांत और ओजपूर्ण वाणी से निकले प्रवचनों ने धर्म, अहिंसा, सदाचार, सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाया। महाराज श्री ने कहा कि धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन को संयम, करुणा और सत्य के मार्ग पर ले जाने की दिव्य शक्ति है।आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने अपने सत्संग में बताया कि आज के युग में धर्म ही वह आधार है, जो समाज को टूटने से बचाकर मानवता को जोड़ता है। उनके उपदेशों से उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय भक्ति और वैराग्य से भर उठे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, समाजजन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
संपूर्ण वातावरण “धर्मो रक्षति रक्षितः” की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक कार्यक्रम रहा, बल्कि समाज को धर्म, संस्कार और नैतिकता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला प्रेरक संदेश भी बन गया।

# सत्संग से आने से मन में जमी गंदगी साफ होती है: महेश चंद जी

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

गुना के दल्वी नगर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग को संबोधित करते हुए फरीदाबाद से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा सुरेश सुरेश जी ने गुरु गद्दी से विचार करते हुए कहा कि निरंकारी सत्संग में ईश्वरीय कृपा प्राप्त व्यक्ति ही शामिल हो पाते हैं। सत्य-संगत से नाता जुड़ना बहुत सौभाग्य की बात होती है।जिस प्रकार से अगर हम अपने घर की सफाई निरंतर करते रहते हैं, तब वह साफ सुथरा रहता है। लेकिन जब हम अपने घर से बाहर जाते हैं तो घर को अच्छे से साफ करके घर को बंद करके जाते हैं, पर कुछ दिन बाद आते हैं तो इतनी धूल-गंदगी जम जाती है कि तुरंत घर की सफाई करना पड़ती है। ठीक उसी प्रकार से अगर हम निरंतर सत्संग में आते रहते हैं तो हमारा मन पवित्र रहता है, लेकिन अगर कुछ दिन सत्संग में आना छोड़ दें और फिर जब आते हैं तो हमारे मन में भी माया रूपी गंदगी जम जाती है। इसलिए जीवन में संतों का संग यानी सत्संग करना बहुत जरूरी है।नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार को संत निरंकारी मिशन की विशेष सत्संग हुईं।निरंकारी मिशन के प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज के जयघोष के साथ सत्संग की शुरुआत की गई। भक्तों ने निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी के द्वारा दिए गए ब्रह्म-ज्ञान का यशोगान किया।




# लीनेस क्लब गुना सिटी ने भदौरा में गरम वस्त्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

लीनेस क्लब गुना सिटी द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत आज ग्राम भदौरा में स्थित कोल्ड स्टोर में कार्यरत जरूरतमंद मजदूरों के लिए गर्म वस्त्र वितरण प्रोजेक्ट का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा प्रोजेक्ट में क्लब अध्यक्ष लीनेस अरुणा सोनी, सेक्रेटरी लीनेस कीर्ति मंगल, ट्रेजरार लीनेस अमिता सोनी, एवं लीनेस सीमा गुप्ता की विशेष सहभागिता रही सभी सदस्यों ने मिलकर ठंड के मौसम में मजदूरों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें गर्म वस्त्र, ब्रेड के पैकेट, केले एवं तिल्ली के लड्डुओं का वितरण किया। मजदूरों ने इस मानवी पहल के लिए लीनेस क्लब गुना सिटी का हृदय से आभार व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष अरुणा सोनी ने बताया की क्लब का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचना है और आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगतार किए जाते रहेंगे इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सेवा भाव से कार्य करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। अंत में सेक्रेटरी कीर्ति मंगल ने सभी का आभार प्रकट किया।



# रेल विभाग द्वारा जनहित की मांगों पर ध्यान न देंने से असन्तोष

### रुठियाई जंक्शन पर ऑटोमेटिक टिकट मशीन लंबे समय से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने जारी बयान में आरोप लगाया है कि क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं एवं मांगों पर रेल विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से आम रेल यात्रियों में असंतोष है। विजय कुमार जैन ने जारी बयान में उल्लेख किया है रुठियाई जंक्शन पर प्रतिदिन लगभग 800 से 1000 टिकट बिक्री है वहां पर ऑटोमेटिक टिकट बेंडिंग मशीन लंबे समय से खराब है।
टिकट खिड़की पर लम्बी लाइन लग जाती हैं।रेल अधिकारियों का कहना है कि इस मशीन के स्थान पर नई मशीन भोपाल से आएगी। आपने उल्लेख किया है लंबे समय से यह मांग की जा रही है कि राघौगढ़ फ्लैग स्टेशन जो गेल विजयपुर संयंत्र के सामने स्थित है उस फ्लैग स्टेशन को बंद कर आम रेल यात्रियों की सुविधा के लिए राघौगढ़ रेलवे स्टेशन को पुराने स्थान जेपी विश्वविद्यालय के सामने खोला जाए। इस मांग पर भी रेल विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है उनके द्वारा उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल की बैठक 21 मार्च 2025 को प्रस्ताव दिया गया था कि साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर जाने वाले अंडरपास के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए इस प्रस्ताव पर रेल विभाग द्वारा उत्तर दिया गया था कि उपयोगिता जारी कर दी गई है शीघ्र निर्माण कराया जाएगा। इस ही प्रस्ताव को पुनः आपके द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2025 की बैठक में प्रस्तुत कर मांग की गई की रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। इस पर रेल विभाग द्वारा उत्तर दिया गया कि यहां इंजीनियर लॉक्ड इलेक्ट्रॉनिक गेट है यहां पर यातायात नहीं होने से ओवर ब्रिज निर्माण कराया जाना संभव नहीं है। जबकि इस अंडरपास से प्रतिदिन लगभग डेढ़ हजार वाहनें आती जाती हैं। यह मार्ग मध्य प्रदेश के गुना जिले से राजस्थान को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर गेल विजयपुर संयंत्र, इंडेन वोटिंग प्लांट डोंगर एवं पावर प्लांट मोतीपुरा राजस्थान स्थित है यहां के भारी वाहन प्रतिदिन इस अंडरपास से निकलते हैं। आपने यह भी उल्लेख किया है रेल विभाग द्वारा पहले अंडर पास लिखा है दूसरी बार रेल गेट लिखा है।एक ही प्रस्ताव के दो अलग-अलग उत्तर दिए गए हैं। हम कौन सा उत्तर सही माने यह स्थिति स्पष्ट करने रेल विभाग को पत्र लिखे हैं। लगभग 80 दिन हो गए हैं रेल विभाग द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जा रहा है। विजय कुमार जैन ने यह भी उल्लेख किया है रुठियाई रेल जंक्शन, कुंभराज, चाचौड़ा-बीनागंज से निकलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें जिनका ठहराव यहां नहीं है उनका ठहराव इन स्टेशनों पर करने की मांग की जा रही है। मगर विभाग द्वारा मांग को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। रुठियाई जंक्शन पर मंगलोदय जैन तीर्थ का दिशा सूचक बोर्ड लगाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। मांग में यह भी उल्लेख किया है कि जिस तरह का दिशा सूचक बोर्ड कोटा बीना रेल लाइन के बारां स्टेशन पर जैन तीर्थ चांदखेड़ी का लगाया गया है। इस तरह का बोर्ड निशुल्क रुठियाई जंक्शन स्टेशन पर लगाने की अनुमति दी जाए। उक्त बोर्ड निशुल्क लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। जबकि बारां रेल स्टेशन पर उक्त बोर्ड निशुल्क लगा है।आपने यह भी उल्लेख किया है कुंभराज एवं चाचौड़ा बीनागंज में सड़क पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है मगर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है या संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है।
विजय कुमार जैन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पश्चिम मध्य रेल्वे परिमंडल जबलपुर के महाप्रबंधक रमेश चंद्र, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी से अनुरोध किया है कि इस अंचल की जनहित की मांगों को प्राथमिकता से दूर किया जाए। विजय कुमार जैन द्वारा की जाने वाली मांगों की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़ को भी भेजी जाती हैं।

# प्राणियों का मानसिक जीवन व उनका कल्याण विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर

महाविद्यालय में “प्राणियों का मानसिक जीवन एवं उनका कल्याण” विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. रमनप्रीत कौर, सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र, खालसा कॉलेज फॉर विमेन, लुधियाना (पंजाब) ने अपने व्याख्यान में उन्होंने प्राणियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं, भावनात्मक व्यवहार तथा उनके कल्याण से जुड़े नैतिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समन्वय मोनिका नामदेव द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि यह आईक्यूएसी द्वारा आरंभ की गई शिक्षक विनिमय पहल के अंतर्गत एक सराहनीय प्रयास है, जो न केवल अध्यापकों के बीच आपसी संवाद को बढ़ावा देता है, बल्कि ज्ञान के प्रभावी आदान-प्रदान में भी सहायक सिद्ध होता है।इस अवसर पर डॉ. रेनू राजेश ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को राज्य से बाहर के शिक्षकों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण का विस्तार होता है और समग्र शैक्षणिक अनुभव समृद्ध होता है।प्राणीशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ दीक्षा भट्ट के अनुसार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।



## सेमरा बामौरा गांव में पानी के लिए हो रहे हैं ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार कब देंगे ध्यान...?

**राजपुर।** कस्बे से 15 किलोमीटर दूरी पर सेमरा वामौरा पचांयत में आने वाले गांव सेमरा में इन दिनों ठंड के मौसम में भी पानी पीने के लिए ग्रामीण तरस रहें हैं। हालत यह है कि महिला पुरूष दो किलोमीटर दूर डोंगरा के स्कूल में लगें हेडपंप से पानी भर कर ले जानें को मजवूर हैं क्योंकि पीएचई विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ठेकेदार ने गांव में पाईप लाईन डाल दी है गांव वासियों के आगे गढ्ढे भी खुले पड़े हें लेकिन पाईप लाईन में पानी नहीं आ रहा हें आखिर क्यों पानी नहीं आ रहा हें जब गांव के राजपाल दैलवार निवासी सेमरा अहिरवार वस्ती के लोगों ने बताया कि यहां पर जो वोरवेल है उसमें पानी कम है। 500 से 600 फुट होंने के वाद भी पानी कम है वही ठेकेदार का काम भी अधूरा पड़ा है। जव ठंड के मौस्म में यह हाल है तों गर्मी में क्या होगा। इस संबंध में वसती के लोगों ने कलेक्टर, विधायक और पीएचई विभाग का ध्यान आर्कषित किया है। जब सेमरा वामौरा के सरपंच से बात हुई तों उन्होंने कहा कि डोंगरा गांव में वोर वेल लगा कर सेमरा में पानी लाना पड़ेगा दो किलोमीटर दूरी पर तव जाकर गांव वासियों को पानी मिल पायगा अभी जो वोर वैल लगा हें उसमें पानी की कमी है हमनें पी एच ई के विभाग कों अवगत करा दिया हें कि डोगरा में पानी का वोर वैल लगाया जाये। हमनें अभी पंचायत मैं पेयजल आपूर्ति योजना पंचायत में नहीं ली क्योंकि काम अधूरा है।

# नाली के अंदर से गुजरने वाली पाइपलाइनों को बाहर निकालने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर



नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में जल प्रदाय विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करना और पाइपलाइन के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाना था।

### स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर

बैठक के दौरान मनोरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी पेयजल की पाइपलाइन नाली के अंदर से होकर नहीं गुजरनी चाहिए। इससे दूषित जल की आपूर्ति होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने आदेश दिया कि सभी पाइप लाइनों को नाली से बाहर निकालकर क्लैम्प के माध्यम से दीवार पर सुरक्षित रूप से स्थापित किया जाए। नगर पालिका की सभी टीमें वार्डों में गहन सर्वे करें। जहाँ कहीं भी पाइपलाइन में लीकेज पाया जाए, उसे तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाए ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। बैठक में उपस्थित गणमान्य इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पार्षद महेंद्र भारद्वाज, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद गीता आर्य जी, पार्षद आशुतोष देवलिया एवं पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव नगेश्री उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित नगर पालिका की पूरी जल प्रदाय टीम मौजूद रही। सीएमओ ने अध्यक्ष के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया।

# करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत बच्चों को मिलेगा तकनीकी कौशल का लाभ



**मुंगावली।** शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत अल्प अवधि स्वरोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है जिससे वे भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं सॉफ्ट स्किल्स का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम में उपस्थित विषय विशेषज्ञ देवांशु शर्मा ने विद्यार्थियों को टैली से संबंधित बेसिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की तथा इसके व्यावहारिक उपयोगों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर करियर प्रकोष्ठ प्रभारी नीतू परिहार, सहायक प्राध्यापक (प्राणी शास्त्र), एनएसएस प्रभारी डॉ. करन सिंह सहित महाविद्यालय का अन्य स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# रामकथा का समापन: राम नाम के बिना वाणी आभूषण विहीन देह के समान

हरिभूमि न्यूज ⏩शाढ़ौरा

यहां आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय रामकथा का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन हनुमान-रावण संवाद और सनातन धर्मकी एकता पर विशेष प्रकाश डाला गया। कथावाचक पूज्य अष्टावक्र महाराज नेरावण के अहंकार और हनुमान जी की बुद्धिमत्ता के माध्यम से समाज को जागृत करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि राम नाम बिनु गिरा न सोहा हनुमान-रावण संवाद कथा के दौरान उस प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। जब रावण ने हनुमान जी से अपने ज्ञान और बल की प्रशंसा चाही। हनुमान जी ने निर्भीकता से कहा कि, बोलने में तो तुम्हारी वाणी बहुत चतुर है, लेकिन यह हमें प्रिय नहीं लगी। उन्होंने कारण स्पष्ट करते हुए कहा राम नाम बिनु गिरा न सोहा, देखु बिचारि त्यागि मद मोहा। बसन हीननहिं सोह सुरारी, सब भूषण भूषित बर नारी अर्थात, जिस प्रकार अनेकों कीमती आभूषणों से सुसज्जित स्त्री यदि वस्त्रविहीन



हो, तो वह शोभा नहीं पाती और कोई भी संस्कारी व्यक्ति उसकी ओर आँख उठाकरभी नहीं देख सकता, ठीक उसी प्रकार राम नाम के बिना तुम्हारी यह विद्वतापूर्ण वाणी भी श्वसनहीन है। हनुमान जी ने रावण को चेताया कि बिना भक्ति के ज्ञान केवल प्रदर्शन मात्र है। ईश्वर की सर्वोच्चता और अमोघ शक्ति कथा में बताया गया कि यदि कोई राम के विरोध में है, तोस्वयं काल या अन्य देवता भी उसकी रक्षा नहीं कर सकते। राम करई सोई केभाव को समझाते हुए कहा गया कि जब प्रभु श्री राम किसी का संहार या उद्धार निश्चितकर देते हैं, तो हजारों शंकर, विष्णु या ब्रह्मा भी उसे बदल नहींसकते। यह प्रसंग मनुष्य को अहंकार त्याग कर प्रभु की शरण में जाने की प्रेरणा देताहै।

### सनातन धर्म और एकता का आह्वान

जागमुसाफिर जाग वर्तमान समय में धर्म के नाम पर फैले पाखंड और अलग-अलग पंथों परकटाक्ष करते हुए कथा में कहा गया कि कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए कई पंथबना लिए हैं। इधर आओ सीधे बैकुंठ जाओगे जैसे प्रलोभनों से सावधान रहनेकी जरूरत है। धर्म परिवर्तन पर प्रहार चांदी चढ़ी प्रतिमाओं के माध्यम सेकिए जा रहे भ्रामक प्रचारों पर भी चर्चा की गई।जगाने का संदेशरू कथा का मुख्य उद्देश्य केवल सुनना नहीं, बल्किआचरण में लाना है। बहुत दिन सो लियो रे, अब तो जागमुसाफिर जाग के माध्यम से एकता और सनातन धर्म की रक्षा का आह्वान किया गया समिति द्वारा महाराज जी का विशेष अभिनंदन कथा के विश्राम अवसर पर रामायण प्रचार समिति शाढ़ौरा द्वारा महाराज को अभिनंदन-पत्र भेंट कर उनका स्वागत व वंदन किया गया।

# ठंड से बचाव के लिए गौ माताओं को खिलाया औषधियुक्त हरीला



हरिभूमि न्यूज ⏩ईसागढ़

विकासखंड ईसागढ़ की नईसराय तहसील में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने ग्राम पोरूखेड़ी गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को औषधि युक्त हरीला खिलाया। भाजपा के जिला मंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि लखन सिंह रघुवंशी धुर्रा के साथ शिव कुमार रघुवंशी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी श्याम सिंह रघुवंशी जितेंद्र सिंह रघुवंशी शंभू सिंह रघुवंशी संजीव रघुवंशी पोरूखेड़ी शहर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी नई सराय व पोरुखेड़ी गौ शाला पहुंचे और गायों को औषधि युक्त हरीला खिलाया और अन्य व्यवस्थाओं को दिखा भाजपा जिला मंत्री लखन सिंह रघुवंशी ने कहा कि सनातन संस्कृति ने गाय को माता का दर्जा दिया है। गौ माता में सभी देवताओं का वास होता है और हमें इसकी निरंतर सेवा करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम ओडिला निवासी चंदाबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति शिवचरण केवट और ससुर रूपसिंह केवटने दहेज की मांग को लेकर उसे शारिरक और मानसिंक रूप से प्रताड़ति किया और जान से मारने की धमकी दी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत सेहराई निवासी अनुराधा पुत्री प्रकाश तिवारी उम्र 24 साल की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मंदिर की दानपेटी तोड़कर रुपए चुराए

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पुजारी प्रशांत गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नक्की वाले हनुमान मंदिर के बाहर लगे दान पात्र की पेटी का ताला तोडकर दानपात्र में रखे 2 हजार रूपए कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक



**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में सोमवार को जिले में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संबंधित विभागों के कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आवश्यक अधोसंरचना की उपलब्धता एवं पीवीटीजी हितग्राहियों के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की सुखद संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि चयनित ग्रामों में प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को शौचालय, पक्का घर, स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली,स्कूल एवं स्कूल में संयोजित छात्रावास, युवक युवतियों को व्यावसायिक शिक्षा/कौशल साक्षरता, बहुउद्देशीय केन्द्र एवं चलित चिकित्सीय वाहन, आंगनवाडी- पोषण वाटिका, लोगों के आजीविका में सुधार, दूर संचार सुविधा का प्रसार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन, उज्जवला योजनान्तर्गत एलपीजी कनेक्शन आदि का लाभ दिया जाए।

### अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न



**शाढ़ौरा।** अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री रवि मोहने के निवास पर किया गया। बैठक का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सर्व समाज के साथ भाईचारा स्थापित करने तथा समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु आय के नए स्रोत उत्पन्न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के 10 प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने संघ की विचारधारा पर चलने, सभी धर्मों का सम्मान करने, बुजुर्गों के अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त कर समाज में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की शपथ ली। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष श्री रवि मोहने द्वारा सभी बुजुर्गों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

---

विरोध में चक्का जाम किया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई

# हैंडपंप में पानी भरने के लिए गई किशोरी का कुएं में मिला शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एक 11 वर्षीय किशोरी के 7 दिन लापता रहने के बाद उसका शव गांव के एक कुए में मिलने के बाद घटना को लेकर परिवार जनों और समाजजनों में आक्रोश देखा गया। उक्त बालिका के शव को महिदपुर गांव से जब शव वाहन से लाया जा रहा था तब शव वाहन से उसे नीचे उतारकर पैदल ही परिवारजन और भीड़ मृतिका के शव की अर्थी कंधों पर रखकर अशोकनगर शहर की ओर लाते हुए देखी गई। इस दौरान कई जगह पुलिस ने उन्हें रोका भी सड़क पर वाहन भी लगाए। इस दौरान लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा था।

जिला मुख्यालय पर स्थित तुलसी सरोवर कॉलोनी में अपनी दादा दादी के पास रहने वाली 11 वर्षीय किशोरी सुमन पुत्री विजय बाल्मीक जब हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। उसके बाद से घर नहीं लौटी, 7 दिन बाद किशोरी का शव खिरिया महू गांव के कुए में मिला। इस घटना के विरोध में परिवारजनों के साथ लोगों की भीड ने चक्का जाम लगाया। घटना के बारे में परिवार जनों ने बताया कि वह 29 दिसंबर से लापता थी वह महिदपुर गांव थाना ईसागढ की रहने वाली है बालिका के लापता होने के बाद परिवारजनों ने उसकी रिपोर्ट भी दर्ज



कराई थी। मामले की गंभीरता के बाद मृतिका का पोस्टमार्टम अशोकनगर में डॉक्टर के पैनल से कराया गया।

### पुलिस-प्रशासन पर लगे आरोप

एक बालिका का अपहरण करना और अशोकनगर शहर से ले जाकर गांव के एक कुए में मिलना अपने आप में एक बड़ी घटना है सवाल यह है कि इन 7 दिनों में पुलिस ने बालिका को तलाशने का प्रयास क्यों नहीं किया। बालिका का इस तरह मृत अवस्था में कुए में मिलना मामले की जांच खडी करता है। जब बालिका का शव महिदपुर गांव में पहुंचा तब उसके मा बाप का रो रो कर बुरा हाल था। परिवारजन इस घटना को लेकर पुलिस पर आरोप लगाते हुए नजर आए उन्होंने एक प्रधान आरक्षक पर भी आरोप लगाया। इस दौरान घर में एक बेटी की मौत हो जाना वह भी सामान्य तौर पर नहीं परिवार को दुखित करने वाली घटना थी।

### परिवार जनों का कहना पुलिस ने अर्थी ले जाने से रोका

इस घटना को लेकर पुलिस के खिलाफ नारे लगा रही भीड़ महिदपुर गांव से जब इमला के टोल टेक्स पर पहुंची तब वहीं पुलिस ने उन्हें अर्थी ले जाने से रोक दिया जिसके बाद भी जब भीड नहीं मानी तब वह पुलिस की न सुनते हुए सीधे अशोकनगर कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ती नजर आई। इसी बीच अशोकनगर से एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार भारतेन्दु यादव भी पहुंचे और उन्हें समझाइस दी। इस दौरान उन्होंने शव सड़क मार्ग के बीचों बीच आड़ा रखकर पूरे रास्ते को रोक दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह जब तक नहीं मानेगें जब तक उन्हें कलेक्टर एसपी से मिलने नहीं दिया जाएगा तब तक वह अपना धरना देते रहेंगे। इसी बीच राजनैतिक दलों की इन्ट्री भी हो गई, और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी जांच की मांग को लेकर पीड़ति परिवार जनों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान शव यात्रा को बीच में ही रोक दिया गया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आदित्य सिंह और एसपी राजीवकुमार मिश्रा से परिवारजनों के साथ इन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पूरा घटनाक्रम बताया, परिवारजनों में उनके माता पिता और अन्य जन शामिल थे। वहीं राजनैतिक दलों की ओर से संजय बैरसिया, रीतेश जैन, जयपाल यादव भी कलेक्टर एसपी से मिले।

### निष्पक्ष जांच होगी

नाबालिक बालिका का शव मिलने की घटना में मिलने गए पीड़ित परिवार के लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी, किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ा जाएगा, जिन अधिकारियों के द्वारा हस्तक्षेप किया गया है तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी। आप लोगों के साथ पूरी तरह न्याय होगा, जो भी आर्थिक सहायता की बात है वह राशि आपकों तत्काल प्रदान की जा रही है आगे भी अगर कोई मदद की आवश्यकता होगी वह भी की जाएगी। हम पूरी तरह आपके साथ हैं। इस मौके पर एसपी राजीव कुमार मिश्रा भी मौजूद थे।

**आदित्य सिंह** कलेक्टर

बालिका 29 दिसंबर को हेडपंप पर पानी भरने गई थी उसके बाद उसका शव कुए में मिला है। इस मामले में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने की जगह हमसे ही पूछताछ कर रही है। प्रधान आरक्षक दीवान सिंह ठाकुर द्वारा बालिका के पिता से मारपीट की गई। बच्ची के साथ भी गलत हुआ है जब पुलिस न्याय नहीं करेगी तो कौन करेगा। पुलिस सख्ती से कार्यवाही करे।

**प्रकाश धारिआ** बीना भाना संगठन संस्थापक

---

समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक

## पेयजल की शुद्धता पर विशेष सतर्कता बरती जाए: कलेक्टर



**अशोकनगर।** जिले में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो इस पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। सभी नगरीय क्षेत्रों में पेयजल पाइप लाइन कनेक्शनों की गहन जांच सुनिश्चित की जाएं। कही भी पाइप लाइन की लीकेज, तकनीकी कमियां नही होनी चाहिए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये । बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत पेयजल सप्लाई पर निगरानी रखें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि डी ग्रेड वाले विभाग शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देकर रेकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने समाधान ऑनलाइन विषयों से संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विषयों का निराकरण तत्परता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। अत्याधिक ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए अस्पतालों एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराना सुनिश्चित करायें। इस हेतु सभी एसडीएम सतत मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के विषयों के क्रियान्वयन कर कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा की जाए तथा पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाए। विभागीय योजनाओं के लक्ष्य,पूर्ति एवं बजट के उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किये जाने के निर्देश दिए। भवनविहीन आंगनवाडी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आंगनवाडी केन्द्र किराए के भवनों में न लगें यह सुनिश्चित किया जाए। जिले में क्षतिग्रस्त भवनों में स्कूल संचालित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश के तहत कृषकों को सुविधा तथा कृषि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। असंचालित गौशालाओं में विद्युत कनेक्शन दिए जाने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए।

### मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी कन्हैया अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू आर गुल्लू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मणिराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महू आलमपुर निवासी नारायण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सटन, भरत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला चन्देरी निवासी नीतू रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मलखान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी बृजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव, रोहित और छोटू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

पंच कल्याणक महामहोत्सव के लिए किया पात्रों का चयन

## तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो फिर से नया इतिहास बनेगा: सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंचल के प्रमुख तीर्थ क्षेत्र के रूप में उभर रहे तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट खनियांधाना में होने वाले जैन समाज के सबसे बड़े स्वर्ण जैन मन्दिर के श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के लिए आज तक के इतिहास की सबसे बड़ी 1515 कलश के साथ सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य पूज्य गुरुदेव निर्यापक श्रमण श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में प्राप्त किया। वही यज्ञनायक बनने का सौभाग्य 555 कलश के साथ ऑनलाइन भक्तों ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजा श्रेयांस बनने का सौभाग्य जैन समाज के भामाशाह अशोक, सुरेश, विमल पाटनी परिवार आर के मार्वल किशनगढ़ को प्राप्त होगा।

20 जनवरी को ध्वजारोहण के साथ होगा महा महोत्सव का शुभारंभ

मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि 20 जनवरी से होने वाले भव्य पंच कल्याणक महोत्सव का ध्वजारोहण जैन समाज के भामाशाह सुशीला-अशोक पाटनी आर.के मार्वल किशनगढ़ दारा किया जायेगा। महा महोत्सव में भगवान के माता-पिता वनने का सौभाग्य वमौर पंच कल्याणक महोत्सव में सौ धर्म इन्द्र वने मंगल भाई के जेष्ठ भ्राता सुमत कुमार जैन वामौर परिवार को मिला। इसके साथ ही इंसान इन्द्र सनत इन्द्र महेन्द्र इन्द्र के साथ ही वारह उप इन्द्र का चयन भी किया गया। इसके साथ ही अष्ट कुमारी देवियों नीलांजना छप्पन कुमारी देवियों व वालक्रीणा हेतु बालकों लोकातिक देवों के पात्रों हेतु नाम आमंत्रित किए जा रहे हैं इन सभी पात्रों का सम्मान तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी शांत कुमार दिल्ली, कार्यध्यक्ष राकेश जैन वास्तु, उपाध्यक्ष मंगल जैन, महामंत्री चक्रेश जैन, कीर्ति जैन, विमलेश जैन, राजीव जैन, सुरेन्द्र जैन सहित अन्य प्रमुख जनों दारा किया गया।

जो भगवान चोरों के पास नहीं रुके तो कुछ दम तो होगी आज गोला कोट की छटा निराली सभी को नजर आ रही है

इस दौरान राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में पहले से ही अतिशय होते रहे हैं यहां से कईं बार चोरों ने मूर्तियों की चोरी करने की कोशिश की लेकिन प्रभु वापसी जिनालय में आकर विराजमान हुए। होता है कुछ प्रतिमाओं में अतिशय जो वे प्रकट नहीं करती लोगों की आस्था उससे प्रकट करा लेती है। यहां की प्रतिमाओं का आकर्षण मुझे ललितपुर से गोला कोट लाया था जब यहां से मुर्तियां चोरी चली गई पता चला कि वे सवाई माधोपुर में किसी घर में छुपाए गई है तब तात्कालिक कलेक्टर आर.के जैन की हिम्मत से उन प्रतिमाओं को लाकर पुनः प्रतिष्ठित किया गया। तव ही मैंने कहा था कि जो भगवान चोरों के पास नहीं रुके तो कुछ दम तो होगी। आज गोला कोट की छटा निराली है जो सभी को नजर आ रही है अभी इन भगवान को आप जितना उच्च आसन देते जायेंगे यह तुम्हारे लिए भी उतना ही ऊंचा उठाते चले जायेंगे। रही इनके अतिशय की बात तो एक दिन जैन समाज का एक एक बच्चा यहां आकर अपने भाग्य को बदलते देखा जायेगा, जो यहां जैसी भावना लेकर आयेगा वह पूरी होती चली जायेगी।

---

चंद्रोदय बुद्ध विहार चंदेरी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

## पूर्णिमा और क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश के तत्वावधान में चंद्रोदय बुद्ध विहार बायपास रोड चंदेरी में पूर्णिमा और क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले जयंती का कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह बड़े धूम-धाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुन्ना लाल अहिरवार सेवानिवृत्ति असिस्टेंट इंजीनियर एनएफएल विजयपुर रहें। विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध प्रदेश सचिव दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश, रामकृष्ण शिक्षक आरोन, परमलाल परम शिक्षक, फुंदी लाल सिमरिया सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, रमेश बौद्ध बामोरकलां, रणधीर सिंह शिक्षक, संग्राम सिंह बौद्ध तहसील अध्यक्ष मुंगावली, तुलसीराम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन लाल बौद्ध जिला अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का संचालन सुनील बौद्ध तहसील महासचिव ने किया। कार्यक्रम में बुद्ध और उनका धम्म ज्ञान परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण हुए जिला अशोकनगर के सभी परीक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रकाश चंद्र बौद्ध, द्वितीय स्थान रोशनी अहिरवार, तृतीय स्थान ध्रुव कुमार बौद्ध ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रशांत गौतम बौद्ध ,द्वितीय स्थान सिद्धार्थ गौतम बौद्ध ,तृतीय स्थान शिवा अहिरवार और बंटी अहिरवार ने प्राप्त किया।



राष्ट्रीय और राजकीय सेवा से सेवा निवृत हुए अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिसमें मुन्नालाल अहिरवार अस्सिटेंट इंजीनियर एनएफएल विजयपुर जिला गुना, फुंदी लाल सिमरैया प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक विद्यालय पाडरी, रतिराम अहिरवार शिक्षक एकीकृत माध्यमिक विद्यालय विक्रमपुर को बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुन्ना लाल अहिरवार ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष से हमें शिक्षा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। माता सावित्रीबाई फुले ने पुना में 18 बालिका विद्यालय खोले जिसमें सभी वर्गों की बालिकाओं को शिक्षा दी गई। एक समाज सेविका, कवयित्री थी। विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण बौद्ध ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने नारी को शिक्षित करने का काम किया और नारी को सम्मान दिलाया। विशिष्ट अतिथि परमलाल परम ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित कविता सुनाई और कहा कि सभी छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि रमेश बौद्ध ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने विधवा पुनर्विवाह और महिलाओं को पढ़ने और समानता लाने के लिए कार्य किया। विशिष्ट अतिथि रणधीर सिंह ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को समाज में फैली हुई कृतियों से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि तुलसीराम और संग्राम सिंह ने भी माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला।

---

पुलिस ने पिस्टल व हथियारों के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया, सुपारी देने वाला भी धराया

# उत्तरप्रदेश का सूटर अशोकनगर आया और 5 लाख की हत्या की ली सुपारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में पहली बार इस तरह का मामला आया है जब अयोध्या से शूटर बुलाकर हत्या की सुपारी दी गई। इस घटनाक्रम में पुलिस ने अयोध्या से आए शूटर कपिल दुवे को गिरफ्तार किया है और साथ में शूटर को सुपारी देने वाले दमदमा ग्राम के संजीव यादव को भी गिरफ्तार किया गया है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि दिनांक 05.01.26 को रात्रि गश्त के दौरान उनि आशुतोष गुप्ता को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि पछाड़ीखेडा के पास कोई बाहरी व्यक्ति कोई गंभीर घटना घटित करने के उददेश्य से हथियार लिये हुए घूम रहा है। उक्त सूचना से तुरंत थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया गया, जिसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक अशोकनगर को अवगत कराया गया।





जिनके द्वारा तुरंत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के पालन में उनि आशुतोष गुप्ता के साथ एक टीम गठित की गई उपरोक्त टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर पछाड़ीखेडा के पास भसुआ मंडी पहुँचे, जहाँ मुखविर के बताये हुलिये का एक संदेही व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कपिल पुत्र दिबाकर दुबे निवासी हरीपुरा जिला अयोध्या (उ.प्र.) बताया जिसने पूछताछ में संजीव यादव हाल निवासी शंकरपुर मगरदा अशोकनगर के द्वारा मुझे एवं जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर को पांच लाख रूपये राजकुमार उर्फ जगीरा यादव निवासी लेकसिटी कॉलोनी को जान से मारने की सुपारी देना बताया गया था।

आरोपी के कब्जे से मौके पर एक 7.65 एमएम पिस्टल एवं तीन जिन्दा कारतूस, तीन मोबाइल फोन, टिकिट एवं नगदी जप्त किये गये। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी कपिल दुबे के बताने अनुसार आरोपी संजीव यादव निवासी शंकरपुर मगरदा की तलाश की गयी जिसे मगरदा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। जिसकी तलासी लेने पर कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड जप्त, एक मोबाइल को जप्त किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपियों ने पूछताछ पर उपरोक्त हथियार जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर द्वारा देना बताया। दोनों आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रं. 08/26, धारा 25,27 आम्र्स एक्ट व 55,61 (2) (ए) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर की तलाश की जाकर गिरफ्तार किया जावेगा।

### कपिल दुबे अयोध्या का बड़ा गैंगस्टर

आरोपी कपिल दुबे के इतिहास वृत्त की जानकारी प्राप्त करने पर आरोपी का पूर्व में दुर्दांत सार्प शूटर गैंगस्टर अंसू दीक्षित की गैंग का होना बताया एवं डबल मर्डर की फरारी भोपाल में काटते समय उत्तरप्रदेश एसटीएफ एवं भोपाल क्राइमब्रांच पुलिस पर भी उपरोक्त आरोपियों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली बारी की गयी थी जिसमें एसटीएफ लखनऊ उत्तरप्रदेश उपनिरीक्षक संदीप मिश्रा एवं भोपाल क्राइम ब्रांच के आरक्षक राघवेन्द्र पाण्डे को गोलियां लगी थी। जिस प्रकरण में आरोपी कपिल दुबे दस साल की सजा काटकर चार महिने पूर्व ही जेल से छूटा था। अशोकनगर शहर में इस तरह से हत्या की सुपारी देना का पहला मामला सामने आया है उत्तरप्रदेश के शूटर अशोकनगर जिले में सक्रिय हो गए हैं।

### टीएल बैठक में विभिन्न मामलों, योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर के तल्ख निर्देश

# जनपद सीईओ पर 5 हजार का जुर्माना अन्य लापरवाहों पर भी की कार्रवाई



**जिलाधीश बोले-जवाबदेही से कोई समझौता नहीं होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस सहित अन्य मामलों में खराब प्रदर्शन एवं विभिन्न लापरवाहियों पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा खासे तल्ख रुख में नजर आए। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत लॉगिन न करने पर उन्होंने सिविल सर्जन दफ्तर के लेखापाल मनोज जाटव को सस्पेंड करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी में 08 आवेदन समय सीमा बाहय होने पर खिलचीपुर जनपद सीईओ गोविंद सिंह सौलंकी पर 5 हजार रुपऐ का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए। ई-ऑफिस समीक्षा में रेशम विभाग के सहायक संचालक द्वारा फाईल डिस्पोजल में खराब प्रदर्शन पर उनका वेतन रोकने के निर्देश प्रदान किए। वहीं जल संसाधन विभाग सुठालिया के कार्यपालन यंत्री को खराब फाईल डिस्पोजल पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश डॉ. मिश्रा ने प्रदान किए।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में शिकायतों का संतुष्टीपरक निराकरण न करने पर ब्यावरा मंडी सचिव अशोक राठी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए। वहीं आगामी 15 जनवरी तक नरसिंहगढ़ व ब्यावरा को ए-ग्रेड में लाने के निर्देश भी दिए गए। डीआरसीएस द्वारा ई-ऑफिस लॉगिन नहीं करने पर आयुक्त को कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश जिलाधीश ने प्रदान किए।

#### सार्थक एप पर अटेंडेंस न लगाने वालों का रोकें वेतन

उक्त कार्यवाहियों के साथ ही कलेक्टर ने सार्थक ऐप पर जॉब अटेंडेंस नहीं लगाने वालों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं, कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को को अपने अधीनस्थ फील्ड अधिकारियों की तत्काल अटेंडेंस सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। बैठक में सड़क दुर्घटना प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी व्यवस्थाओं में सुधार, समयबद्ध निराकरण और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

#### रोजगार मेले की व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा

बैठक में सारंगपुर अनुभाग में आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी गई। एसडीएम व सीएमओ को विशेष निगरानी तथा जनपद सीईओ को सभी व्यवस्थाएं तय समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रचार-प्रसार हेतु मालवी भाषा में गीत, ढोंढी पिटवाकर प्रचार, ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, इन्फ्लुएंसर वीडियो, क्राउड मैनेजमेंट, जन अभियान परिषद के वॉलंटियर्स, दिव्यांगजनों हेतु 10 लोगों की व्यवस्था तथा लंच वितरण को चरणबद्ध करने के निर्देश दिए गए। डीआईसी को उद्योगपतियों के साथ बैठक कर कंपनियों व रिक्तियों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा सभी नगरीय निकायों में कार्यशालाएं आयोजित कर आईटीआई द्वारा तैयार इंटरव्यू गाइडेंस बुकलेट वितरण के निर्देश दिए गए।

### सीसी सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का सख्त एक्शन

# कार्रवाई: पड़ाना बाजार में गरजी जेसीबी हटाया गया वर्षों पुराना अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर





समीप पड़ाना नगर के बीचो-बीच स्थित सदर बाजार में सोमवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा सीसी सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। एसडीएम रोहित बम्होरे के निर्देश पर संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर जेसीबी की मदद से सड़क किनारे बने पक्के चबूतरे, ओटले एवं टीन शेड हटवाए। केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ-पड़ाना-तलेन मार्ग के निर्माण कार्य में वर्षों से जमा अतिक्रमण बड़ी बाधा बन रहा था। सड़क संकरी होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जांच में सामने आया कि सड़क के दोनों ओर बने अवैध निर्माण कार्य में लगातार देरी का कारण बन रहे थे। इसके बाद राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस जारी किए थे। सोमवार सुबह एसडीएम रोहित बम्होरे, तहसीलदार आकाश शर्मा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ पी.के. शर्मा, ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दो जेसीबी मशीनों से राजेश भंडारी की दुकान से लेकर सत्तार खान मंसूरी के मकान तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहा।अतिक्रमण हटने के बाद सड़क का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। जो सड़क पहले संकरी नजर आती थी, वह अब चैड़ी और सुगम दिखाई देने लगी, जिससे वाहन चालकों और आमजन को बड़ी राहत मिली। इस दौरान हल्का पटवारी शहजाद खान,आत्माराम वर्मा,अभिषेक खत्री सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपराध पर लगाम लगाने लगेंगे सीसीटीवी



**खुजनेर।** स्थानीय पुलिस द्वारा जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से सबक लेते हुए नगर के प्रमुख व्यापारियों के साथ स्थानीय थाना परिसर में बैठक कर कई विषयों पर चर्चा की। साथ ही व्यापारियों से अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित शहर के प्रमुख चौक चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और लगवाने का आग्रह किया। बैठक में मौजूद एसडीओपी अरविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि हम भी एक आम नागरिक की तरह ही है हमें अपराधों पर लगाम कसने आपका सहयोग आवश्यक है। आप अपनी सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। इस मौके पर टीआई मंजू मखेनिया द्वारा व्यापारियों को विश्वास दिलाया की आप हमारा सहयोग करें हम हर पल आपके साथ आपकी सुरक्षा के लिए खड़े हुए हैं इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केदार काका अजीज मौला जितेंद्र बाहेती शैलेंद्र भंडारी अशोक शर्मा देवनारायण नगर सत्तार कबाड़ी संजय जैन गिरिराज गुप्ता अशोक गुप्ता सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**नरसिंहगढ़।** इंदौर में गंदे पानी की आपूर्ति से हुई मौतों तथा एक मीडिया कर्मी के साथ की गई अभद्रता के विरोध में युवा कांग्रेस ने शनिवार को नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शन किया। नगर के छतरी चैराहा (नागर) पर आयोजित इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज रुहेला के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष अमन अरोरा की रूपरेखा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इंदौर महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। इसके पश्चात आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला महासचिव तेजस गुप्ते, पूर्व जिला महासचिव देवेंद्र गुर्जर, प्रदेश महासचिव अभिनव पंचौली, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बना सहित पार्षद दीपक शर्मा, संतोष सोनी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक चौहान, जितेंद्र परिहार, सोनू बना, सोनू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जल निगम की लाइनों में अक्सर छेड़छाड़ कर रहे ग्रामीण

# पेजयल लाइन को क्षतिग्रस्त करने वाले पर 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने की महती परियोजना को कुछ ग्रामीण स्वयं के स्वार्थवश पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। कहीं जल निगम द्वारा बिछाई गई पाईप लाईनों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है तो कहीं अन्य तरीकों से उनमें छेड़छाड़ कर पानी की निर्बाध आपूर्ति प्रभावित की जा रही है। लेकिन अब प्रशासन ने ऐसा करने वालों पर कार्यवाहियां शुरू कर दी हैं

इसी कड़ी में खिलचीपुर क्षेत्र के तहत जल निगम की कुंडालिया पेयजल परियोजना के तहत बिछाई गई पेयजल पाइप लाइन को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति पर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। जानकारी के




अनुसार विगत दिवस कुंडीबे निवासी नारायण सिंह द्वारा अपने क्षेत्र से गुजर रही पेयजल की पाइपलाइन को तोड़ दिया। इससे ग्राम बरूखेड़ी सहित आसपास के कई ग्रामों में पेयजल की नियमित आपूर्ति बाधित हो गई थी। मामले को गंभीर से लेते हुए जल निगम राजगढ़ ने संबंधित व्यक्ति पर 19 हजार 368 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। आरोपी ने जेल की कार्यवाही से बचने के लिए मौके पर 10 हजार रुपए की राशि शासन के खाते में जमा कराई।

#### जुर्माने के साथ हो सकती है एफआईआर

प्रशासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अगर पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर, सार्वजनिक पेयजल सुविधा को नुकसान पहुंचाया जाएगा तो संबंधित पक्ष पर भारी जुर्माना, कानूनी प्रकरण अधिरोपित कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जल निगम ने भी उक्त चेतावनी के साथ-साथ ग्रामीणों से अपील की है कि वे सार्वजनिक पेयजल संरचनाओं को नुकसान पहुँचाने वालों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## कांग्रेसियों ने घंटा बजाकर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**सारंगपुर।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा गत दिनों इंदौर में प्रदूषित पानी से हुई मौत के बाद पत्रकारों ने सवाल पूछा तो मंत्री विजयवर्गीय ने अशोभनीय टिप्पणी करते हुए मीडिया को जवाब नहीं दिया और सरकार की और से पीड़ित परिवारों को उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का वादा भी कागजों में सिमट गया। उसी को लेकर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस की और से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सोमवार को बस स्टेंड पर पुतला दहन कर घंटा बजाया एवं नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक शहर कांग्रेस के द्वारा प्रस्तावित पुतला दहन घंटा बजाओ आंदोलन की सूचना पुलिस एवं प्रशासन को पूर्व से थी। वहीं पुलिस प्रशासन की और से स्थानीय बस स्टेंड पर फायर ब्रिगेट बुलाकर पुख्ता इंतजाम कर पुलिस बल लगाया गया था। कांग्रेसियों ने सारे इंतजाम को ध्वस्त करते हुए का पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन के बाद ब्लाक एवं शहर कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।हालांकि पुतले को जलाने में एक पुलिस कर्मी की आंख में जरूर चिंगारी लगी लेकिन कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,शेख मुशर्रफ, शमीर मेव,निजाम कुरैशी,लखन राजपूत मौजूद थे।

## संघ शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडी परिसर का किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 22 जनवरी को सारंगपुर में प्रस्तावित भव्य हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, प्रवेशदृनिकास मार्ग, पार्किंग, मंच निर्माण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वच्छता सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।समाजजनों ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थल को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। मंडी परिसर के खुले और विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए इसे सम्मेलन के लिए उपयुक्त बताया गया। निरीक्षण के दौरान मंच की संभावित स्थिति, बैठने की व्यवस्था तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर भी सुझाव दिए गए। आयोजकों ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा तथा सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विषयों पर वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और विभिन्न समाज संगठनों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियां की जा रही हैं। समाजजनों ने कहा कि यह सम्मेलन सारंगपुर के लिए गौरव का विषय होगा और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## जेतपुराकलां मंडल के तत्वाधान में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**जीरापुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के तहत हिन्दू सम्मेलन का आयोजन जेतपुरा कलां मंडल में हुआ। हिन्दू सम्मेलन सकल हिन्दू समाज के सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ। भागवत कथाकार अनुराग शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताया कि बच्चों को मोबाइल नहीं शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा देना चाहिए । साथ ही मन्दिर, पानी, शमशान सबके लिए एक समान का आव्हान किया। हिन्दू जागृति का यह समय है हमें एकजुटता की आवश्यकता है। जिला सहसम्पर्क प्रमुख गोविन्द कारपेंटर ने कहा कि आज हम सब यहाँ एकत्र हुए हैं उस पावन अवसर पर, जो न केवल हमारे संगठन का शताब्दी वर्ष है, बल्कि भारतीय राष्ट्र की आत्मा का एक नया जागरण भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वह संगठन जो 99 वर्षों से अधिक समय से राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में लगा हुआ है, अब अपनी शताब्दी की दहलीज पर खड़ा है। 1925 में विजयादशमी के पावन पर्व पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नागपुर में स्थापित यह संघ, आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक बन चुका है। 2025 का यह शताब्दी वर्ष हमें याद दिलाता है कि संघ का जन्म ही राष्ट्र-निर्माण के लिए हुआ था, एक ऐसे भारत के लिए, जहाँ हिंदू समाज संगठित हो, अनुशासित हो और विश्व गुरु की भूमिका निभाने को तत्पर हों।

### बड़ाबाग रोड पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

## हमने हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लिया यह सौभाग्य की बात है : महेश्वरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

हमने हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लिया हम सब भारत माता की संतान है जहां चींटी को आटा खिलाया जाता हो मछलियों को दाना डाला जाता हो ऐसा श्रेष्ठ धर्म हिंदू धर्म है। यह देवताओं के द्वारा निर्मित देश है जब अन्य देशों में लोग खाल लपेटकर घूमते थे तब यहां त्रेता द्वापर सतयुग था। यह बात विधा भारती के पदाधिकारी निखिलेश माहेश्वरी ने रविवार को बड़ाबाग रोड पर स्थित शिशु मंदिर के परिसर में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जहां सूरज सबसे पहले अपना डेरा डालता है ऐसा हमारा देश भारत है हम भारत की संतान हमें सोचना चाहिए हमारा देश के प्रति क्या कर्तव्य हे अपने देश का इतिहास उठाकर देखे तो इसमें बड़े-बड़े महपुरुष बलिदान हुए हैं ।उन्होंने कहा कि हम इतने महान थे तो भी यहां अंग्रेज मुगल राज कर गए आजादी के आंदोलन में डॉक्टर हेडगेवार जी ने देखा यह देश आजाद हो जाएगा लेकिन हम गुलाम क्यों हुए आजाद होने के बाद गुलाम नहीं होंगे इसकी क्या गारंटी है अंग्रेजी शिक्षा के कारण हम हिंदू होने का गर्व भूल गए अब हमको हिंदू भाव को जागना होगा अपना हित छोड़कर देशहित का ध्यान रखें हिंदू होने का भाव हम सबके मन में होना चाहिए हिंदू संगठित होना चाहिए। संघ को 100 साल हो गए संघ का उसका अपना प्रभाव है आज संघ ने हिंदू भाव को जगाने का काम किया है आज गांव-गांव में हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं यह इस बात का उदाहरण है।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन राजस्थान में संपन्न हुआ



**जीरापुर।** नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान गरूडासीन लक्ष्मीनारायण मंदिर के सम्मुख स्थित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर समिति संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में 1974 से संचालित श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन आबाद गति से चला आ रहा है जिसमें दिनों-दिन बढ़ता यह क्रम जारी है। समिति के सदस्यों की अनुशासन कि अनूठी पहचान कार्य क्षमता का अपना अपना दायित्व निर्वहन सहयोगात्मक भावना से प्रेरित बजरंग नवयुवक समिति के तत्वावधान में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी है।

नगर ही नहीं अपितु राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के अनेकों धार्मिक स्थलों पर भव्यता लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर चुके हैं। इसी कड़ी में समिति द्वारा नवीन वर्ष 2026 में जनवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान के दो धार्मिक स्थल जिसमें मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी धाम खैराबाद में मंदिर के परिसर में स्थित चौपड़ा कुआं में ब्राह्मण समाज के भैरव महाराज विराजित हैं वहां पर समिति संयोजक पं. श्यामसुंदर जी शर्मा जीरापुर के द्वारा उनके इन कुल देवता भैरव महाराज का यहां सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन करवाया गया , तथा बकानी रामेश्वर आश्रम गुरूकुल में पं. प्रकाश पुरोहित, दिनेश पुरोहित के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया गया।

गौरतलब है कि पंडित श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में संचालित इस समिति कि प्रमुख विशेषता अनुशासन कि एक अनुठी पहचान जिसमें हर सदस्य एक दुसरे सदस्य का पारस्परिक व्यवहार कुशलता का परिचायक बना रहता है समिति अपने हर धार्मिक आयोजन में समय का पुरा ध्यान रखते हुए काम का सम्पादन करना। समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन के साथ मंदिर किशनगढ़ पर प्रति मंगलवार को भजन कीर्तन गीता पाठ हनुमान चालीसा एवं आरती प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन होता आ रहा है जिसमें नियमित रूप से समिति सदस्य अपनी सहभागिता निभाते हुए भगवान भक्ति भाव में बहते हैं।

### राजगढ़ नगर सहित चाटूखेड़ा ग्राम के युवा पेश कर रहे मिसाल

# गोवंश को बचाने चारा, पानी, आश्रय से अलाव तक की व्यवस्था, आपस में चंदा एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस भीषण ठंड में सड़कों पर दर-दर भटक रहे गौवंश को बचाने राजगढ़ नगर के युवाओं की मानिंद समीपस्थ ग्राम चाटूखेड़ा के लगभग 40 युवाओं की टीम भी दिन-रात जुटी हुई है। बीते करीब एक पखवाड़े से चाटूखेड़ा के सेवाभावी युवकों ने 500 से ज्यादा बेसहारा गायों के लिए सुरक्षित आश्रय, चारा-पानी, चिकित्सकीय देखभाल और ठंड से बचाव की मजबूत व्यवस्था खड़ी की है।

यह पूरा प्रयास किसी संस्था या सरकारी योजना का नहीं, बल्कि पूरी तरह गांव के युवाओं की स्वैच्छिक पहल है। गौवंश की दयनीय स्थिति देख इन युवाओं ने आपस में चंदा एकत्रित किया और सबसे पहले गायों के लिए सुरक्षित बाउंड्री बनवाई ताकि वे खुले में



भटकने और हादसों से बच सकें। इसके साथ ही चारा, भूसा और पानी की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की गई। ठंड बढ़ने पर युवाओं ने अपने स्तर पर छाया, पर्दे और अलाव की व्यवस्था की, ताकि रात के समय गायें ठंड से बीमार न पड़ें। परिसर की सफाई, गोबर उठाने और बीमारध्घायल गायों की देखभाल के लिए भी दैनिक जिम्मेदारियां तय की गईं ताकि बीमारी फैलने का खतरा कम हुआ और व्यवस्था अनुशासित बनी रही।

#### इन युवकों की टोली ने पेश की मिसाल

चाटूखेड़ा के इन युवाओं की टीम में कमल सौंधिया, गोरीलाल दांगी, श्याम सौंधिया, भगवान सिंह दांगी, रामकरण सौंधिया, आकाश सौंधिया, पवन दांगी, महेंद्र जयसवाल, सुनील दांगी, जगदीश दांगी, ईश्वर सौंधिया, हरिओम सौंधिया, टिंकू भिलाला, मनीष भिलाला, गोविंद सौंधिया, शिवराज सोंधिया, कपिल कारपेंटर, ब्रजमोहन सोंधिया, विशाल सोंधिया, पंकज दांगी, अरविंद सोंधिया, गुलाब सिंह प्रजापति, रामबाबू दांगी, दीपक सोंधिया, दीपक जायसवाल, कान्हा सोंधिया, अजय शर्मा, एलकार सोंधिया, कबीर सोनी, बृज सोंधिया, विवेक अग्रवाल, टिन्नू अग्रवाल, नितिन कारपेंटर, राजू जयसवाल, प्रकाश भिलाला, पवन सोनी, सुरेंद्र सोंधिया, अंकित शिवहरे, राजू सोंधिया, विक्रम सोंधिया, शिवम भिलाला, श्याम सिंह सोंधिया, संतोष भिलाला, बृज मोहन सौंधिया, रामनारायण दांगी, चोथमल दांगी, बृजमोहन दांगी, बंटी वर्मा, रामेंद्र सौंधिया सहित अन्य शामिल हैं।